## बुजुर्ग ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस। डिकेन चौकी के भगवानपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के खाती खेड़ा गांव में एक बुजुर्ग ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव परिजनो के सुपूर्द कर दिया गया।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मांगीलाल उम्र 59 वर्ष ने 21 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डिकेन चौकी प्रभारी गोपाल तनान, प्रधान आरक्षक मनोज चौहान और आरक्षक विक्रम सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए रतनगढ़ भेजा। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 156 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 23 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया







### रतलाम से लापता पोस्ट मास्टर के मामले में...

# जमालपुरा मंदसौर के युवक का नाम आया सामने, वह भी लापता..!

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम से 40 किलोमीटर दूर सरवन स्थित पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर संदीप कुमायूं 13 फरवरी से लापता हैं। वे रतलाम के महावीर नगर स्थित अपने घर से सुबह 9.30 बजे ड्यूटी पर सरवन जाने के लिए निकले थे। वे सरवन पोस्ट ऑफिस भी पहुंचे। दोपहर 3 बजे तक ऑफिस में भी रहे। उस दिन के बाद संदीप घर नहीं लौटे। लापता की पत्नी पूजा ने बताया कि हमने जानकारी जुटाई तो पता चला कि पति संदीप, गोपाल सिंह उर्फ लाला बना निवासी जमालपुरा जिला मंदसौर के साथ देखे गए थे। रतलाम पुलिस ने इस मामले में मंदसौर पुलिस से भी संपर्क किया है।

**रतलाम पुलिस ने किया मंदसौर पुलिस से संपर्क**

बीती 15 फरवरी को लापता संदीप के बड़े भाई संजीव ने सरवन पुलिस को इसकी सूचना भी दी थी। जेठ और मेरे भाई रोहित वर्मा पुलिस के साथ जमालपुरा मंदसौर भी गए। गोपालसिंह के घर पहुंचे तो वह पुलिस को देखकर भाग गया। पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा, इसके बाद से गोपाल सिंह भी घर से लापता हो गया। हमें शक है कि गोपालसिंह ने मेरे पति के साथ कुछ अनर्थ कर दिया होगा। इसीलिए वह पुलिस को देखकर भाग गया था। पुलिस भी अब तक गोपाल सिंह को पकड़ नहीं पाई है। भाई संजीव कुमायू ने बताया कि गोपाल सिंह उर्फ लाला बना सरवन में लगातार आता-जाता था। जानकारी जुटाई तो पता चला कि लापता होने के एक माह पहले वह दोनों साथ में घूमने के लिए सांवलिया सेठ भी गए थे। पुलिस ने गोपाल के परिवार से भी पूछताछ नहीं की। बताया जा रहा है कि गोपालसिंह की भी गुमशुदगी मंदसौर जिले के संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है। गोपाल भी शादीशुदा है। उसके दो बच्चे हैं।

मामले में रतलाम पुलिस कप्तान अमित कुमार ने बताया कि संदीप की तलाश की जा रही है। मोबाईल भी उसका बंद है। गोपाल नाम के व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। वह भी लापता है। मंदसौर पुलिस से हम लगातार संपर्क में है। दो सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे देखे गए है। तलाश जारी है। इधर परिजनों के अनुसार 15 साल पहले संदीप की ग्रामीण डाक सेवक के रूप में भर्ती हुई थी। उनकी पोस्टिंग सरवन पोस्ट ऑफिस में हुई थी। हर साल विभागीय काम में टॉप आते हैं। विभाग द्वारा कई शील्ड और पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया जा चुका है। मां और पत्नी की माने तो हर बात वह घर में बताते थे। अगर रुपयों की जरूरत होती तो वह भी बताते। किसी प्रकार का कोई झगड़ा भी नहीं है।

**पोस्ट ऑफीस से निकले 30 हजार रुपए कम...**

अचानक से पोस्ट मास्टर के लापता होने पर पहले गबन की बात सामने आई। रतलाम मुख्य पोस्ट अधीक्षक राजेश कुमावत ने जांच का जिम्मा पोस्ट ऑफिस इंस्पेक्टर संतोष मेहते को सौंपा। खातों के हिसाब का मिलान किया। करीब 30 हजार रुपए सरवन पोस्ट ऑफिस से कम मिले। पोस्ट ऑफिस द्वारा सभी खातों की जांच की जा रही है। सरवन पोस्ट ऑफिस में करीब 1500 खाते हैं। एक-एक खाता धारक को बुलाकर सत्यापन किया जा रहा है।

**बाइक, जूते और मौजे ऑफिस में छोड़ गया...**

14 फरवरी को संदीप को खोजते हुए बड़े भाई संजीव कुमायू, परिवार के साथ रतलाम मुख्य पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों के साथ सरवन के पोस्ट ऑफिस पहुंचे। बाहर संदीप की बाइक खड़ी थी। जूते, मोजे, बैग, टिफिन, पानी की बॉटल और बाइक की चाबी टेबल पर मिली। टिफिन खोला तो खाना भी जस का तस रखा था। परिवार ने गांव में लगे सीसीटीवी चेक किए तो सुबह ड्यूटी आते समय वह नजर भी आए। सुबह आते समय तो कैमरे में रिकॉर्ड हुए। लेकिन, वापस कब निकले और किस रास्ते से गए, ये नजर नहीं आया। परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है कि आखिरकार वह जूते, मौजे खोलकर क्यों गए।

## अवैध स्लेट पेंसिल खदान में दबा मजदूर, मौत

**खदान भी अवैध, बिजली कनेक्शन भी अवैध, खनिज विभाग आंखे मूंदे बैठा !**



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस। काले और सफेद सोने के उत्पादन के लिए ख्यात मंदसौर में इन दिनो सफेद सोना अर्थात स्लेट पेंसिल के खदाने बड़ी संख्या में अवैध रूप से संचालित की जा रही है। आश्चर्य की बात यह है कि खदान भी अवैध और वहां बिजली कनेक्शन भी अवैध रूप से लेकर काम चलाया जा रहा है। लेकिन, छोटा-मोटा बिल बाकि होने पर घरो के बिजली कनेक्शन काटने वाले एमपीईबी के अधिकारी कर्मचारी वहां जाने की हिम्मत ही नहीं कर पा रहे है। इधर जिले का खनिज विभाग की भावना क्या है, यह तो जगजाहिर है। उन्हें किसी ठोस कार्यवाही करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है?**

शनिवार को यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के पित्याखेड़ी की ऐसी ही एक अवैध स्लेट पेंसिल खदान में एक बार फिर एक मजदूर की दबने से मौत हो गई। मृतक मजदूर का नाम मांगीलाल पिता भागीरथ बताया गया है। यह खदान भी अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। जो खदाने स्वीकृत है, उनमें भी नियमानुसार खुदाई कर शैल पत्थर नहीं निकाला जा रहा है। किसी भी खदान में अधिनियम की धारा 52 डी का पालन नहीं किया जा रहा है। जितनी खदान स्वीकृत है, उससे कहीं ज्यादा जगह पर खनन किया जा रहा है। खदान खोदकर अंदर ही अंदर पड़ोसी की जगह को खोखला किया जा रहा है। लेकिन, सरकार के राजस्व के नुकसान को जहां खनिज विभाग नहीं देख रहा है। वहीं विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी, अधिकारी भी इस ओर से आंखे मूंदे बैठे है। देखना है कि एक बार फिर अवैध खदान में मजदूर की मौत के बाद खनिज विभाग और एमपीईबी के अधिकारी क्या कार्रवाई करते है?




## ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**मनासा, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कुकड़ेश्वर थाना पुलिस ने तस्करी सहित अन्य मामलों में फरार चल रहे आरोपी सरदार ऊर्फ भूरा ऊर्फ भूरिया पिता मन्ना बंजारा उम्र 33 साल निवासी आमद थाना कुकड़ेश्वर को गिरफ्तार किया है। इस पर अलग -अलग थानो में 07 प्रकरण चल रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक आरोपी एनडीपीएस एक्ट चोरी, नकबजनी, मारपीट, एक्सीडेंट सहित अन्य अपराधों में पिछले 09 साल सें फरार चल रहा था। आरोपी के खौफ को देखते हुए उस पर 17 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कुकड़ेश्वर, मनासा, रामपुरा, जीरन, जावद, भीलवाड़ा सहित अन्य थानो में कई प्रकरण दर्ज है।

### सफाई देने पुलिस कप्तान के पास पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी...

# आवेदन देकर कहा-बिना जांच की एफआईआर



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व नपाध्यक्ष और भाजपा नेता राम कोटवानी के खिलाफ एक दिन पहले कोतवाली थाने में मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में राम कोटवानी पुलिस कप्तान के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आवेदन के माध्यम से कहा कि कोतवाली पुलिस ने बिना जांच के एफआईआर दर्ज कर ली। जबकि, दस्तावेजों की जांच भी नहीं की गई।

राम कोटवानी ने बताया कि असत्य आधारों पर एफआईआर की गई। जो दस्तावेज दिखाए गए, उसका सत्यापन तक नहीं किया गया। आम आदमी की एफआईआर नहीं लिखी जाती है। लेकिन, मेरे मामले में बिना किसी जांच और कागज देखे कार्रवाई कर दी गई। जबकि, जिस महिला के मकान को लेकर विवाद कोर्ट में चल रहा है। उसकी पूरी राशि मेरे द्वारा चेक के माध्यम से 2014 में ही दे दी गई थी। सामने वाले पक्ष के द्वारा मुझसे अवैध रूप से रुपए लेने की कोशिश की जा रही है। जबकि, पूरा रुपया चेक के माध्यम से अदा किया जा चुका है। राम कोटवानी ने यह भी कहा कि पूर्व में भी मेरे ऊपर झूठे केस दर्ज किए गए थे। जिसमें न्यायालय ने मुझे बरी कर दिया है।

बता दें कि अभी दर्ज प्रकरण में राजू पिता रमेशचंद्र सेन निवासी रणायरा थाना नारायणगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार मामला मकान के रुपयों के लेन-देन का है। यह मामला कोर्ट में चल रहा है। फरियादी के अनुसार राम कोटवानी आए दिन राजीनामा करने के लिए दबाव बनाता है। कोर्ट में तारीख पर जाते समय हम पुलिस पेट्रोल पंप के यहा खड़े थे। वहां पर राम कोटवानी हमसे मिलने के लिए आया और बोलने लगा की कोर्ट में बाहर ही समझोता कर लो तो हमनें कहा की कोर्ट से जो निर्णय होगा हम उसको मानेगे। इस बात पर वह मुझे, मेरी मम्मी व भाई प्रकाश तीनो को माँ बहन की नंगी-नंगी गालिया देने लगा। मैनें गाली देने से मना किया तो राम कोटवानी ने मेरे बाल खीचें और सिर पर मुक्को से मारपीट की। दबाव बनाते हुए रामकोटवानी ने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था।

### मामला 05वीं-08वीं बोर्ड परीक्षा का...

## कॉपियां जांचने की रफ्तार धीमी..?

**30 मार्च तक करना करना है परिणाम जारी, 80 प्रतिशत काम पूरा**



**भोपाल, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल के दूसरे सप्ताह में घोषित होने की संभावना है। पूर्व घोषणा के अनुसार यह परिणाम 30 मार्च को आना था। लेकिन, प्रदेश में अब तक 80 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हुआ है। मूल्यांकन कार्य 24 मार्च तक समाप्त करना था। अब दो दिन शेष है। ऐसे में मूल्यांकन कार्य पूरा होना संभव नहीं है।

**इसलिए हो रही कॉपी जांचने में देरी...**

शिक्षक मूल्यांकन केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र ने जो समय-सारिणी तय की थी। उसके हिसाब से मार्च के अंत तक पांचवीं व आठवीं का परिणाम आना था। लेकिन, अब तक 20 फीसद उत्तरपुस्तिकाओं को जांचना बाकी है।निजी स्कूलों के अंग्रेजी माध्यम के चार लाख विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने के लिए सरकारी स्कूल में शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। इस कारण निजी स्कूलों के शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है।


**इनका कहना...**

पांचवीं-आठवीं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। 24 मार्च तक यह काम पूरा करना है। ताकि परिणाम जल्द घोषित किए जा सके।

**हरजिंदरसिंह, संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल**

## पुलिस परिवार ने किया ध्यान



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन के बेहतर स्वास्थ्य हेतु मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिले के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। यहां पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद, एएसपी गौतम सोलंकी समेत जिले के अन्य राजपत्रित, अराजपत्रित अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। बता दे कि प्रदेश में सभी जगहों पर शिविर के अन्तर्गत हृदय पर ध्यान करने की विधि, तनावमुक्ति (रिलैक्सेशन) अभ्यास, मानसिक बोझ हटाने की विधि (क्लीनिंग), स्वयं से जुडना, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, पर्याप्त नींद, हार्टफुल संवाद, सकारात्मकता विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंदसौर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवारजन हेतु 25 मार्च तक ध्यान शिविर का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पर प्रतिदिन प्रातः 08.30 बजे से किया जा रहा है।

## अफीम तस्करी में गिरफ्तार युवक को जैल भेजा

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस। पुलिस ने दो किलो अफीम समेत युवक को गिरफ्तार किया, आरोपी को अफीम देने वाले को भी पुलिस ने पकड लिया, जो रिमाण्ड पर है। वहीं जिसे अफीम देने जा रहा था वह आरोपी फरार है।**

नारायणगढ़ थानान्तर्गत झार्डा चोकी पुलिस ने बोरदिया कला फन्टे पर वाहन चेकिंग के दौरान मनासा की ओर से बिना नम्बर की बाइक पर सवार होकर आ रहे युवक को रोका, जो बाइक घूमाकर वापस भागने लगा, युवक को पकड़कर उसके पास थेली की तलाशी ली तो दो किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान बालागंज (मनासा, नीमच) निवासी अजय (34) पिता सदाराम कछावा होना बताई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर अफीम व बाइक जब्त की व आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की जांच कर रहे झारड़ा चोकी प्रभारी मनोज गर्ग ने आरोपी अजय को कोर्ट में पेश किया... **शेष पेज 4 पर**

### मामला जावरा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड का...

# आंदोलन से पहले ही प्रदर्शनकारी पुलिस हिरासत में

**जावरा से उज्जैन तक निकालने वाले थे विरोध यात्रा**






**जावरा, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जावरा-उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन का लगातार विरोध जारी है। शनिवार को जनसंघर्ष समिति के लड़ाके जावरा से उज्जैन तक विरोध स्वरूप पैदल यात्रा निकालने वाले थे। इसके पहले ही पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और पुलिस वाहन में बैठाकर ले गए। आंदोलनकारियों ने पुलिस वाहन से वीडियो जारी कर कहा है कि प्रशासन मनमानी कर रहा है। हमारी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

बता दें कि जावरा-उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन का हिस्सा शहरी क्षेत्र में आ रहा है। इसमें भूतेड़ा से महू-नीमच हाइवे के बीच 07 ब्रिज बनने है। ब्रिज बनने से स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित होगा। इस कारण से स्थानीय व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। प्रभावित चाहते हैं कि ब्रिज की जगह रोटरी डेवलप होना चाहिए। इसके अलावा अन्य विकल्प भी तलाशना चाहिए।

मांगों को लेकर जन संघर्ष समिति शनिवार को जावरा से उज्जैन कमिश्नर कार्यालय तक पैदल यात्रा निकालने वाली थी। सुबह 10 बजे से जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़, राजेश भरावा, जनसंघर्ष समिति के असलम मेव समेत अन्य प्रभावित जावरा जोयो होटल बायपास चौराहे पर एकत्र हुए। यहां पर धरना देकर सभा को संबोधित किया। इधर पैदल यात्रा को रोकने के लिए प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया। यात्रा शुरू होने लगी तब पुलिस ने आंदोलन कर रहे जनसंघर्ष समिति सदस्यों समेत जिला पंचायत सदस्यों को हिरासत में लिया। पुलिस वाहन में बैठा कर उन्हें कहां ले जाया गया, इस बारे में पता नहीं चल पाया था। यहां तक कि धरने के लिए जो टेंट लगाया था, वह भी जावरा नगर पालिका द्वारा जब्त कर लिया गया। पुलिस वाहन में बैठाकर ले जाते हुए का वीडियो जिला पंचायत सदस्य राजेश भरावा ने जारी किया है। इसमें वह कह रहे है कि प्रशासन आम जनता की आवाज दबाने की कोशिश कर रहा है। हम शांति पूर्ण पैदल यात्रा निकालना चाहते है। लेकिन, प्रशासन बेवजह बैठाकर ले जा रहा है। पुलिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़, किसान नेता राजेश पुरोहित व अन्य शामिल है।

**प्रभावित गांवों से निकलना थी यात्रा...**

पैदल यात्रा फोरलेन प्रभावित गांवों में होकर 27 मार्च को उज्जैन पहुंचना थी। जहां कमिश्नर कार्यालय कोठी पैलेस में धरना देना तय किया था। 22 मार्च को यात्रा ग्राम हनुमंतिया, 23 को पाड़सुतिया, 24 को आक्या, 25 को अरोलिया जस्सा एवं 26 मार्च को ग्राम मांगरोला में रात्रि विश्राम कर 27 को उज्जैन पहुंचकर प्रदर्शन की रणनीति बनाई थी। लेकिन, इसके पहले ही प्रशासन ने सभी को हिरासत में ले लिया।

**इसलिए हो रहा विरोध...**

जावरा-उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन का हिस्सा शहरी क्षेत्र में आ रहा है। इसमें भूतेड़ा से महू-नीमच हाइवे के बीच प्रस्तावित 07 ब्रिज बनने है। ब्रिज बनने से स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित होगा। इस कारण से स्थानीय व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा विरोध किया जा रहा है। प्रभावित चाहते हैं कि ब्रिज की जगह रोटरी डेवलप होना चाहिए। इसके अलावा अन्य विकल्प भी तलाशना चाहिए।

**समिति सदस्यो का यह है कहना...**

विरोध कर रहे समिति सदस्यों का कहना था कि हम भी विकास के पक्षधर हैं। लेकिन रोड की बनावट जिसमें 07 किमी में 06 अण्डरपास/ब्रिज जो कि जमीन से 24 फीट उंचे रहेंगे। फोरलेन इंटरचेंज के निर्माण के कारण आर्थिक हानि हमें होगी। हम चाहते हैं कि इस 07 किमी में जमीन से फोरलेन का निर्माण कर चौराहों पर रोटरी बना दी जाए। ताकि हमारा व्यापार-व्यवसाय प्रभावित ना हो। समिति सदस्य चाहते है कि ग्रीन फील्ड जावरा-उज्जैन फोरलेन का निर्माण समतल हो। किसानों की भूमि अधिग्रहण हो रही, उसका चार गुना मुआवजा दिया जाए। शहरी क्षेत्र में स्लैब सिस्टम लागू किया जाए, उसी अनुसार मुआवजे की गणना की जाए।

## कृषि कार्य में मृत्यु होने पर 4 लाख रू की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना की कण्डिका 2(07) के तहत कृषि उपज के विक्रय के लिये तथा घर से खेत पर आते जाते समय रास्ते में हुई दुघर्टना में मृत्यु या अंग भंग होने पर आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है । कमलकुमार बंजारा निवासी तखतपुर तहसील मल्हारगढ़ की कृषि कार्य के दौरान मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा मृतक के निकटतम वारिस मायाकुमारी उर्फ मायाबाई को 4 लाख रू की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन 31 तक करें

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक करा सकते है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु जिले में 77 पात्र संस्थाओं को पंजीयन केन्द्रो निर्धारण किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं का समर्थन मूल्य रूपये 2425/- निर्धारित किया गया है।कृषको से अनुरोध है कि समय-सीमा में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर जाकर निःशुल्क पंजीयन फार्म प्राप्त कर अपना पंजीयन करावे। कृषको की सुविधा हेतु अधिकृत एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर पर सशुल्क तथा अपने मोबाईल पर किसान एप पर भी अपना पंजीयन करा सकते है। किसान पंजीयन के लिए कृषक पंजीयन केन्द्र पर भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड, बैंकपासबुक एवं फोटो पहचान हेतु आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु किसान अपना पंजीयन शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में करवायें।

# नगर की धराणी मां महिषासुर मर्दिनी का नगर भ्रमण भव्यता से होगा

## भक्त मंडल के तत्वाधान में भव्य 19 वीं पालकी चुनर कलश यात्रा 30 मार्च एकम को

**शामगढ़, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर एव क्षेत्र की आराध्य देवी जगत जननी राजराजेश्वरी मां महिषासुर मर्दिनी देवी का भव्य नगर भ्रमण चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस गुड़ी पड़वा,नववर्ष के प्रथम दिवस नवरात्रि एकम 30 मार्च 2025 रविवार को भव्य पालकी चुनर कलश यात्रा के साथ नगर के साथ नगर की धराणी मां महिषासुर मर्दनी ढोल ताशे आतिशबाजी आकर्षक झाकियों के साथ नगर भ्रमण पर निकलकर भक्तो के हाल चाल जानने निकलेगी।

मां महिषासुर मर्दिनी भक्त मंडल के सयोजक कु.बलवंत सिंह शामगढ ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व नववर्ष और गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर नवरात्रि एकम को दोपहर 1:30 बजे माताजी का पूजा अर्चना के साथ ही चुनर का पूजन कर भव्यता के साथ माताजी मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर राजपुत मोहल्ला , खाती मोहल्ला डिंपल चौराहा से होकर शिव हनुमान मंदिर मेन रोड थाना चौराहा होते हुवे पुन: माताजी मंदिर पहुंचेगी जहा यात्रा के समापन के साथ महाआरती पश्चात महाप्रशादी वितरण होगी।

क्षेत्र की सुख समृद्धि को लेकर 551 मीटर हीरो से जडित चुनर मातारानी को अर्पित की जाती है।नाशिक महाराष्ट्र के 21 ढोल पूरी यात्रा में आकर्षण का केंद्र होते है जो महाकाल की नगरी उज्जैन से आकर अपनी प्रस्तुति देते है। 9 देवियों सहित मातारानी की आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र होती है जो पूरी यात्रा में माताजी के रूप में माताजी के मुख्य पुजारी बगदीराम नाथ जी प्रथम घोडे पर सवार होकर यात्रा में पालकी के आगे आगे चलते है।साथ ही 9 देवियों के रूप में 9 कन्या घोडों पर सवार होकर नवदुर्गा के रूप में घोडों पर सवार होकर चलती है जो आकर्षण का केंद्र होती है।इसके साथ ही राधा कृष्ण की झाकियां भी



आकर्षण का केंद्र होती है।क्षेत्र से हजारों की संख्या मैं भक्तजन माताजी की अगवानी करते है। महिषासुर वद झाकिया भी पूरी यात्रा के दौरान अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों का मन मोह लेती है खुले ट्रेलर पर पूरे समय यात्रा मैं प्रस्तुतियां चलती है। क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना को लेकर लगातार यह 19 वीं भव्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।यात्रा को भव्य बनाने के लिए लगातार पूरे नगर सहित क्षेत्र मैं पीले चावल देकर भक्तजनों को आमंत्रित किया जाता है।

**सामाजिक समरसता का उदाहरण बन गई यात्रा**–माताजी नगर सहित क्षेत्र की सबसे बड़ी यात्रा है जिसमें सभी समाज जनों को आमंत्रित के साथ ही उनके प्रमुख जन पोशाक में साफा बांधकर पूरी यात्रा मैं सहभागिता करते है जिसमें प्रत्येक समाज जन की भूमिका सामाजिक समरसता का अपने आप मैं एक उदाहरण है। मां महिषासुर मर्दिनी भक्त मंडल की कार्यकर्म सयोजिका सुश्री कृष्णा चौहान चुन्नी दीदी, दिनेश पोरवाल ,किशोर मुजावदिया ,राम चौहान,मुकेश दानगढ,दसरथ काला,कालू धनोतिया ,किशोर पटेल सोनू पुरश्वनी,सतीश खुराना,राजेंद्र खाती पटेल गोपाल मालवीय,पंकज धनोतिया ,सिद्धार्थ जोशी मनीष मांदलिया,पंकज मुजावदिया ,पवन पांडे, पवन सोनी धनराज प्रजापति विशाल शर्मा पवन जोशी अमित चौधरी वैभव पटेल प्रवीण राजगुरु,हरेंद्र सिंह ,उमेश राठौर निलेश पटेल दीपक फरक्या विनायक सोनी,जितेंद्र सिंह राठौर,विजय जोशी रोहित डबकरा अंकित मोरडी गौरव भाई,विनायक सोनी अजय चौहान,बंटी अश्क,देनराज योगी दीप सिंह गोड,सहित भकतमंडल के सदस्यों ने इस यात्रा को सफल बनाने की अपील की।



# कुमावत प्रीमियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का आज होगा समापन

## टूर्नामेंट में 16 टीमों ने लिया भाग, विजेता को 21 हजार रुपए का मिलेगा पुरस्कार

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पशुपतिनाथ मेला ग्राउंड पर कुमावत प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय टूर्नामेंट 20 मार्च से प्रारंभ हुआ जिसका आज 23 मार्च रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ समापन होगा। टूर्नामेंट 16 अलग-अलग टीमों ने भाग लिया। श्री क्षत्रिय कुमावत समाज द्वारा आयोजित स्पर्धा को देखने समाजजन सहित बड़ी संख्या में दर्शक मेला ग्राउंड पहुंच रहे है। शनिवार को राज्य सभा सासंद बंशीलाल गुर्जर, नपा पार्षद कमलेश सिसोदिया, भाजपा नेता गौरव अग्रवाल, कुमावत समाज अध्यक्ष राधेश्याम कुमावत, पार्षद गोवरधन कुमावत आदि ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर खिलाडियों का उत्सावर्धन किया।

पवन कुमावत, नितेश कुमावत व गोलु कुमावत ने बताया कि 4 दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। इसमें प्रत्येक मैच 10 ओवर का हो रहा है। समाज के सहयोग से दूसरी बार टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया जा रहा है। आज सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले जाएंगे। जिसमें लक्ष्युरी 11 टीम व सूपर 11 रेवास देवड़ा सहित पंचमुखी क्लब व निम्बाहेड़ा 11 टीमें खेलेगी। इन चारों टीमों में से दो विजेता टीमें फाइनल खेलेगी। सभी टीमों से 1100 रुपए एंट्री फीस ली गई है। एलबीडब्ल्यू को छोड़कर सभी अंतरराष्ट्रीय नियम लागू किए हैं। समापन पर विजेता को 21 हजार व उप विजेता को 11 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# ठा. अर्जुनसिंह राठौर समाजसेवा के क्षेत्र में प्रेरणा स्त्रोत थे-सिसौदिया

## ठा. राठौर की 83वीं जयंती पर जल मंदिर का शुभारंभ

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री खाटूश्यामजी मंदिर, मंदसौर के प्रमुख संस्थापक स्व. ठाकुर अर्जुनसिंह राठौर की 83वीं जयंती के अवसर पर जल मंदिर का भव्य शुभारंभ किया गया। ठा. अर्जुन सिंह राठौर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यह जल मंदिर तोपवाले बालाजी के पास, कांस्तकार होटल के सामने, कोर्ट किला रोड, मंदसौर पर स्थापित किया गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया तथा बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पवार के मुख्य आतिथ्य एवं करकमलों से जल मंदिर का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने स्व. ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाजसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने न केवल धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई भी लडी और उन्हें न्याय दिलाया। खाटूश्याम मंदिर की स्थापना में भी उनका विशेष योगदान रहा, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिल रहा है। प्रतिवर्ष अपने माता-पिता अर्जुन सिंह जी राठोड स्वर्गीय श्रीमती प्रेम कुवर राठोड की स्मृति में उनके पुत्र संकल्पित होकर प्रतिवर्ष भीषण गर्मी में हजारों नगरवासियो की प्यास बुझाने के साथ राहत प्रदान करने वाला कार्य कर रहे हैं जो की अनुकरणीय है। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह पवार ने कहा इस जल मंदिर के कारण न्यायालय में आने वाले पीडित पक्षकारों को भी गर्मी में बहुत राहत मिलेगी। कार्यक्रम के



आयोजक ठा. शैलेंद्र अर्जुन सिंह राठौर ने बताया कि यह जल मंदिर उनके पिता स्व. ठा. अर्जुनसिंह जी राठौर की स्मृति में स्थापित किया गया है, ताकि लोगों को गर्मी में राहत मिल सके। यह जल मंदिर भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश से स्थापित किया गया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह जल मंदिर आमजन की सेवा में समर्पित रहेगा। इस शुभ अवसर पर दशपुर जागृति संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पुरोहित, परामर्शदाता रमेशचन्द्र चन्द्रे, इंजी. बी.एस. सिसोदिया, एड. सत्येंद्र सिंह सोम, रविन्द्र पाण्डेय, एड. प्रदीप गुप्ता, जिला राजपूत समाज के भूपेंद्र सिंह राठौर, युवा भाजपा नेता डॉ. भानुप्रतापसिंह सिसोदिया, एड. कांतिलाल राठौर, पतंजलि अध्यक्ष बंशीलाल टांक, राजाराम तंवर, एड. मनीष दादूपंथी, रमेश कांसतकार, पेंशनर संघ के बलवंत राव मोरे, एड. धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, एड. रुपाली सिंह गौर, जितेन्द्र जैन, सुयशराज सिंह, मनोहर सिसोदिया, योगेंद्र सिंह एवं शहर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। यह जानकारी पत्रकार राकेश भाटी ने दी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा तेलिया तालाब पर सफाई अभियान सम्पन्न



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में तेलिया तालाब के घाट पर विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुधीर सिंह निगवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, पैरा-लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) एवं आमजन ने सहभागिता की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद, मंदसौर के सफाई कर्मियों द्वारा भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव श्री सुधीर सिंह निगवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण जल स्रोतों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है, जिसकी जिम्मेदारी हम सभी को लेनी होगी। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक किया और जल संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गरिमा भाटी, पीएलवी सीमा नगर, अलका गर्ग, आशा कोठारी, मुकेश आचार्य, दुर्गेश चंदेल सहित कई गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवी उपस्थित थे।



# विश्व जल दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि महाविद्यालय में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पाटीदार ने कहा कि जल न केवल हमारा जीवन है बल्कि हमारी सभ्यता का आधार है। जल प्रकृति का दिया हुआ अमूल्य उपहार है, हमें इसको सहज कर रखना होगा और इसके संरक्षण हेतु मानव समुदाय को अपनी विलासी जीवन शैली में परिवर्तन लाना होगा।

विश्व जल दिवस 2005 की थीम ग्लेशियन संरक्षण है। पिछले 5 दशकों में ग्लेशीयर तेजी से पिघल रहे है जो खतरे के संकेत है। इससे एक ओर नई नई झीलें बढ रही है तथा दुसरी ओर मीठे पानी की उपलब्धता कम होती जा रही है। इसका प्रमुख कारण पृथ्वी का बढता तापक्रम है, जो मनुष्य द्वारा जनित है। हिमालय के ग्लेशियन दक्षिण एशिया में 160 करोड लोगों को जलपूर्ति करते है। साथ ही हमारे पूर्वजों द्वारा प्रदान की गई। परम्परागत जल संरचनाएँ तालाब, कंए, बावडी, नदियां, आदि कचरे के ढेर में बदल रहे है। इससे जल प्रदूषण हो रहा है। जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार देश में बढती आबादी के अनुरूप जल की उपलब्धता कम होती जा रही है। अनुमान है कि 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी को पीने योग्य स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होगा। आपने युवा छात्राओं को आव्हान किया कि विश्व जल दिवस पर हम संकल्प लें कि हम जल का सुनियोजित तरीके से संरक्षण करेगें। वरिष्ठ प्राध्यापिका डा.उमा गगरानी ने बताया कि हिन्दी के दोहे को दोहराते हुए पानी के महत्व को अत्यंत ही मार्मिक शब्दों से छात्राओं को प्रेरित किया। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डा.संजय पंवार ने विश्व जल दिवस पर महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया कि संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में रियो डी जेनेरियो में22 मार्च 1992 कोविश्व जल दिवस घोषित किया। कार्यक्रम का संचालन डा.प्रीति मुरडिया द्वारा किया गया एवं आभार रासेयो प्रभारी डा.राजश्री ठाकुर ने माना। उक्त कार्यशाला में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं 100 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की।

## जुआ खेलते 6 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने ताशपत्ती से जुआ खेलते 6 आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने पहेड़ा मगरा में सार्वजनिक स्थान पर ताशपत्ती से जुआ खेलते नारायणगढ़ निवासी विक्की पिता सुभाषचन्द लोठ, मल्हारगढ़ निवासी किरण पिता बंसीलाल अटवाल, पहेड़ मगरा निवासी समरथ पिता मांगीलाल लील को पकड़ा। आरोपियों से नकदी व जुआ सामग्री बरामद की। इसी तरह अन्य मामले में जुआ खेलते हुए पहेड़ा मगरा निवासी प्रवीण पिता गोवर्धनलाल भाट, जुबेर पिता नूर मोहम्मद कुरेशी व मल्हारगढ़ निवासी शाकिर पिता निजामुद्दीन मन्सूरी को पकड़ा। इनके कब्जे से नकदी बरामद की।

## भाई ने भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। रामगढ़ निवासी नरसिंह धनगर ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई राशन सामग्री लाना भूल गया तो बडे भाई पप्पूलाल ने गाली-गलौज की व मारपीट की लकडी की सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने पप्पूलाल पर केस दर्ज किया।

## जान से मारने की धमकी दी

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेत के खंबे गाडने विवाद मे जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। पिपलिया कराड़िया निवासी प्रहलादसिंह सिसोदिया ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में खेत पर खंबे गाड़ने गया तो श्रवणसिंह ने गाली-गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया।

# बीस क्विंटल लहसुन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, ट्रेक्टर ट्राली जप्त, दो आरोपी फरार

**रतलाम, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम पुलिस को खेतो से लहसुन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

पुलिस ने वारदात में उपयोग की ट्रेक्टर ट्राली समेत 20 क्विंटल लहसुन भी जब्त कर ली है। वही वारदात में शामिल दो आरोपी फ़रार बताये जा रहे है। जानकारी के अनुसार फरियादी अम्बाशंकर पिता रामरतन जी कुमावत निवासी चारभुजा मंदिर के पास नामली ने थाना नामली पर रिपोर्ट लिखवाई कि दिनांक 16 – 17 मार्च की दरमियानी रात्री में कलोरीखुर्द रोड़ स्थित फरियादी अंबाशंकर कुमावत के खेत पर रखी लहसुन एवं खेत के पड़ोसी द्वारका धारवा के खेत पर रखी लहसुन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया हैं। रिपोर्ट पर थाना नामली पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी किशोर पाटनवाला के नेतृत्व में थाना प्रभारी नामली पी.आर. डावरे व थाना नामली की टीम द्वारा उक्त लहसुन चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास क्षैत्र के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये एवं मुखबिरों को सक्रिय किया गया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर ताराचन्द्र पिता कचरूलाल राठौर निवासी वार्ड नं.15 स्टेशन रोड़ नामली को किलकारी गार्डन के पास पंचेड रोड़ पर ट्रेक्टर ट्राली में चोरी की लहसुन भरकर ले जाते पकड़ा। आरोपी ताराचन्द्र से पुछताछ करते आरोपी ने अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर अम्बाशंकर और द्वारका धारवा के खेत से लहसुन चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ताराचन्द्र के कब्जे से लहसुन 20 क्विंटल मय ट्रेक्टर क्रमांक MP43AC8884 मय ट्राली के जप्त की गई। पुलिस ने ताराचन्द्र पिता कचरूलाल राठौर जाति तेली उम्र 26 साल निवासी वार्ड नं.15 स्टेशन रोड़ नामली गिरफ्तार आरोपी किया। तथा 02 अन्य आरोपी फरार आरोपी है।

# तीन माह में सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का प्रशिक्षण कल

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि संचालनालय पेंशन भविष्य निधी एंव बीमा म.प्र. भोपाल निर्देशानुसार द्वारा आगामी 03 माह में सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का IFMIS साफ्टवेयर पर पेंशन प्रकरण तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम ई-दक्ष केन्द्र बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में 24 मार्च 2025 को दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में माह अप्रेल 2025 से जून 2025 तक सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवको एंव संबंधित कार्यालय के पेंशन शाखा प्रभारी को समस्त गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जावेगा।

# मातृशक्ति ने फूलों से होली खेल कर मनाया भजन कीर्तन के साथ फागोत्सव

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भुवनेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में रंगों का त्योहार होली फाग महोत्सव फूलों की होली और भजन कीर्तन के साथ इन्दिरा नगर स्थित विवेकानंद चौक मनकामेश्वर मंदिर में दोपहर 2 बजे में फाग उत्सव का आयोजन किया गया । मंडल के सदस्यों ने बताया कि होली फाग महोत्सव की पावन श्रृंखला में सर्वप्रथम महिलाओं ने राधा कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित मंदिर में अपनी प्रस्तुतियां दी जहां राधा कृष्ण का भजन कीर्तन से स्वागत किया और फूलों से होली खेली गई। महिलाओं ने रंग मत डालो रे सांवरिया मारो गुजर मारे रे... आज ब्रज में होली रे रसिया.. होलिया में उड़े रे गुलाल छायो रंग केसरिया... तेरी कट्टी हो बाबा नंद लाला... सहित विभिन्न मधुर कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुतियां दी तो श्रद्धालु भक्त झुम कर नृत्य करने लगे, इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक सामाजिक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए ।कार्यक्रम में भुवनेश्वरी महिला मंडल की संरक्षक श्रीमती प्रकाश ऐरन (ताई जी), अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता,सचिव श्रीमती नम्रता शर्मा ,कोषाध्यक्ष श्रीमती वंदना योगी, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थीं।

# जल है तो कल है, जल है तो जीवन है, खंखराई में बालिकाओं ने निकाली जल कलश यात्रा

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर प्रभारी, गायत्री परिवार तहसील समन्वयक इंद्रजीत भट्ट ने बताया विश्व जल दिवस पर प्रस्फुटन गांव खंखराई में 11 बालिकाओं ने जल कलश शिरोधार्य कर ग्राम की परिक्रमा की। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्कारो के आधार पर अति प्राचीन तालाब के किनारे धार्मिक आध्यात्मिक भाव के साथ कलश, वरुण देवता, मां गायत्री का पूजन कर चौपाल का आयोजन किया। जल है तो जीवन है, जल है तो कल है का संदेश दिया। तालाब के सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण हेतु योजना बनाई, तत्पश्चात कलश यात्रा के साथ रैली निकाली। जल संरक्षण हेतु ग्राम वासियों ने शपथ ली, जल संरक्षण के लिए नारा लेखन दीवार लेखन भी किया। ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट ने जल संरक्षण को लेकहा कि जल एक प्राकृतिक संपदा है, इसके तहत अपने ग्राम के तालाब, कुए, बावड़ियों को स्वच्छ रखें और इसका उपयोग विवेकपूर्ण करें। ग्राम सरपंच भरत पाटीदार, जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार, प्रस्फुटन समिति के सचिव विनोद धनगर ने भी विचार रखे। संचालन नरेंद्र पांडे ने किया आभार प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह देवड़ा ने माना। इस अवसर पर मनोहरसिंह देवड़ा, पप्पू धनगर, जितेंद्र धनगर, श्रीमती मानकुंवर झाला, चंचल सेन, हेमलता पाटीदार, कविता पाटीदार, जितिशा भट्ट, रुद्राक्ष भट्ट, दक्ष भट्ट, विश्वेश्वरी भट्ट, वीरमसिंह भाटी, महेश भाटी, किशनलाल मेघवाल, शिवपालसिंह, गजेंद्रसिंह, बबलूसिंह, राजेंद्रसिंह, लोकेंद्र धनगर, प्रदीप, पीयूष पाटीदार, शिवराजसिंह, मदनलाल, रामप्रसाद, बसंतीलाल राठौर आदि उपस्थित रहे।

# जटिया-जाटव समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जटिया/जाटव समाज के सम्माननीय सामाजिक बंधुओं/महानुभावों को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीराम जानकी मन्दिर समिति भाटखेड़ी के तत्वावधान में समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आज 23 मार्च रविवार 2025 को प्रात: 10 बजे से नीलकण्ठ महादेव मन्दिर परिसर गाँव बोरखेड़ी पानेरी पर आयोजित होगा। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश व राजस्थान तथा अन्य प्रांतों के सामाजिक युवक-युवतियाँ जिनकी युवती की उम्र 18 वर्ष एवं युवक की उम्र 21 वर्ष हो चुकी है। वे युवक-युवतियाँ अपने माता-पिता के साथ परिचय सम्मेलन में उपस्थित होकर आगामी ग्रीष्मकाल में आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु पंजीयन करवाएंगे। इस परिचय सम्मेलन में मन्दिर समिति के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठ महानुभावों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, माता-बहिनों द्वारा सर्व सम्मति से समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन के लिए स्थान, दिनांक, पंजीयन शुल्क, प्रत्येक जोड़े को दिये जाने वाले उपहार आदि के साथ-साथ प्रत्येक जोड़े से (लड़के एवं लड़की के परिवार से) विवाह शुल्क सहित सभी विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। अत: समस्त सामाजिक महानुभावों से करबद्ध निवेदन/अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में इस परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज के इस पुनित कार्य में तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करे व इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन को सफल बनाने का कष्ट करें।



# शौर्य कुम्भ को लेकर बजरंग दल का सदस्यता अभियान निरंतर जारी

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बजरंग दल शौर्य कुंभ 29मार्च को लेकर नीमच जिले के प्रवास पर बजरंग दल मालवा प्रांत सहसंयोजक मुकेश पाटीदार का दुसरे दिन का प्रवास जावद प्रखंड के नयागांवऔर कनावटी प्रखंड के रेवली देवली खंड में प्रवास हुआ ।जिनका पहले रेवली प्रवास के दौरान विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड और खंड टोली ने नयागांव और रेवली देवली में भगवा दुपट्टा पहनाकर अतिथि सत्कार किया,तत्पश्चात बालाजी के दर्शन किए ओर आरती में सम्मिलित हुए जहां खंड के कार्यकर्ताओं को ज्वाइन बजरंगदल और 29मार्च को इंदौर शौर्य कुंभ आयोजन के बारे में प्रांत सहसंयोजक द्वारा संक्षिप्त में बताया,इस अवसर पर विभाग सेवा प्रमुख प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण पाटीदार,बजरंगदल जिला सहसंयोजक अनिल सिंह सिसोदिया,जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख कपिल बैरागी,जिला सेवा प्रमुख संजय चौरसिया सहित नयागांव के खंड टोली के कार्यकर्ता और कनावटी प्रखंड अध्यक्ष चमन प्रजापति, प्रखंड संयोजक कपिल यादव, लाला भेया,और आसपास के खंड टोली के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संगीनी ग्रुप ने मनाया फाग महोत्सव




**मनासा, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के रामानुज कोट मंदिर में संगीनी ग्रुप ने फाग महोत्सव मनाया इस अवसर पर संगीनी ग्रुप ने पुरे मंदिर परिसर को फुलों से सजाया, फाग महोत्सव में तोप से फुल बरसायें गये फुलों के बीच में ढोलक की थाल व भजनों के साथ ही महिलाएं नाचते हुए दिखी संगीनी ग्रुप में शामिल नीलिमा मारू, रश्मि बसेर,मधु मालपानी,अंजु मालपानी, सावित्री समदानी,सुधा लढ्ढा,मिना लढ्ढा,टीना सारड़ा,मधु मंत्री, मनीषा लढ्ढा, ऋतु समदानी,सुमन लढ्ढा, वंदना झंवर , विजया मुंदड़ा, संगीता गुप्ता के साथ ही नगर की सभी समाज की महिलाएं उपस्थित थीं इस फाग महोत्सव में श्री कृष्ण राधा स्वरूप में प्रस्तुति दी गई। फाग महोत्सव की समाप्ति पर प्रसाद वितरण किया गया।

# छात्रा सृष्टिराठौर राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलिंपियाड के सेमीफाइनल में पहुंची



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सीएम राइज विद्यालय साबाखेड़ा में अध्ययनरत कक्षा 2री की छात्रा बालिका कु. सृष्टिराठौर का इंग्लिश ओलिंपियाड में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर प्राथमिक विंग में सेमीफाइनल तक पहुंची। इस हेतु राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा सम्मान किया गया। बालिका के साथ मार्गदर्शक शिक्षक श्री मोहनलाल पाटीदार एवं उनके पिता श्री श्यामलाल राठौर भी बालिका के साथ राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए।मंदसौर जिला प्रतियोगिता में प्राथमिक विंग में द्वितीय स्थान पर रहा। सी एम राइज विद्यालय साबाखेड़ा के प्राचार्य श्री दिलीपसिंह डाबी, प्रधानाध्यापक रतनलाल चौहान, रजनी जाटव एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बालिका को बधाई दी व उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

# मालवा की वैष्णो देवी महामाया भादवा माता धार्मिक मेले का शुभारंभ 30 को


## भादवा मां के दरबार में रोते-रोते आते हैं, हंसते-हंसते जाते हैं

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूरी पर स्थित लकवा पीड़ितों का कष्टदूर करने वाली मालवा की वैष्णो देवी महामाया भादवा माता का नवरात्रि मेला चैत्र सुदी एकम 30 मार्च 2025, रविवार से चैत्र सुदी 7 अप्रैल 2025, रविवार तक अनुष्ठानों और धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर देश दुनिया से आने वाले लकवा पीड़ित रोगी दु:खी होकर रोते-रोते आते हैं और मां के दर्शन और आशीर्वाद से स्वस्थ होकर हंसते-हंसते जाते हैं।माँ भगवती के दर्शन कर स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। भादवा माता पुजारी अर्जुन चौहान ने बताया कि चैत्र सुदी एकम, 30 मार्च 2025, रविवार घटस्थापना, प्रात: 10 बजे, चैत्र सुदी पंचमी 2 अप्रैल 2025, बुधवार, रात्रि 8 बजे,मातेश्वरी म्यूजीकल ग्रुप, सुखामण पूरण गुर्जर काली गाडी फेन (गायक कलाकार) भीलवाड़ा,चैत्र सुदी षष्मी 03 अप्रैल 2025, गुरुवार, रात्रि 8 बजे भजन संध्या (मनीष एवं निलेश एण्ड पार्टी), चैत्र सुदी सप्तमी 04 अप्रैल 2025, शुक्रवार, रात्रि 8 बजे से..अखिल भारती कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें आमंत्रित कविगण सुरेश राजपुरोहित सन्नाटा नीमच , गोपाल धुरंधर, पालसोड़ा, धीरज शर्मा, माण्डल, नवीन सारथी, चित्तौड़गढ़ , नेना नसीब, कोटा सुरेन सुमन, प्रतापगढ़, धनपाल धमाका, अमलावद रामुजी हटीला, कनघट्टी, अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।चैत्र सुदी अष्मी 5 अप्रैल 2025, शनिवार, रात्रि 10.30महाअष्मी हवन में क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना कर यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी।

**भादवामाताजी तीर्थ की विशेषताऐं**-शस्य श्यामल मालवा के पुण्यांचल में आरोग्य तीर्थ स्थल भादवामाता में माँ भगवती का चमत्कारी स्थान है। यहां स्थित बावड़ी के अमृत स्वरूप जल के सेवन व स्नान से और माँ भगवती के दर्शन व विभुत (भभुत) सेवन से अनेक प्रकार के शारीरिक व मानसिक रोगों से मुक्ति मिलती है तथा आगन्तुक दर्शनार्थियों हेतु यहां 15 धर्मशालाओं की व्यवस्था है। मेले का प्रमुख आकर्षण अष्मी का हवन है, जो 5 अप्रैल 2015 शनिवार को रात्रि 10.30 बजे से होगा।

### आज यज्ञाचार्य पू. व्रजोत्सव जी महाराज के सानिध्य में महा सोम यज्ञ स्थल का होगा भूमि पूजन

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में अगले माह 13 से 18 अप्रैल तक होने जा रहे महा सोमयज्ञ के आयोजन हेतु यज्ञ स्थल श्री वल्लभाचार्य नगर कालाखेत प्रांगण पर इसी निमित्त यज्ञाचार्य सोम यज्ञ सम्राट पूज्यपाद डॉ.आचार्य गोस्वामी श्री व्रजोत्सव जी महाराज की पावन निश्रा में यज्ञ शाला निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन रखा गया है। 23 मार्च रविवार को प्रात: 8.45 बजे पूजन विधि पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में संपन्न होगी। श्री महासोमयज्ञ आयोजन समिति द्वारा नगर के श्रद्धालु महानुभावों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।



### विश्वास दुबे कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव बने

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस पार्टी सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी की सहमति से व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव सोमिल नाहटा की अनुशंसा पर पंडित विश्वास दुबे को कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया। श्री दुबे कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कई सालों से कार्य करते हुए पार्टी संगठन के विभिन्न पदों पर रहे हैं। श्री दुबे की कि इस नियुक्ति पर सभी ईस्ट मित्रों ने शुभकामनाएं दीं व सभी वरिष्ठनेताओं का आभार माना। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी।



# छात्रों का चयन जूनियर एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हुआ



**दलौदा, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री साई पब्लिक स्कूल, दलौदा के बारह जूनियर छात्रों एवं पाँच सब जूनियर छात्रों का चयन 47वीं जूनियर एवं 39वीं सब जूनियर राज्यस्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हुआ। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के अशोकनगर में दिनांक 24 से 26 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी।

जूनियर छात्रों में गौरव पिता राजेंद्र जोशी ग्राम दलौदा, फैजान पिता सिद्दिक खान ग्राम निंबाखेड़ी, केशव पिता कांतिलाल पाटीदार ग्राम आकोदड़ा, कृष्णा पिता बाबूलाल धाकड़ ग्राम बनी, नैतिक पिता पुष्कर मीणा ग्राम लसुड़ियाईला, जतिन पिता किशोर दरकुनिया ग्राम फतेहगढ़, प्रदीप पिता विनोद दरकुनिया ग्राम फतेहगढ़, विनायक पिता मनोहर ग्वाला ग्राम दलौदा ,पीयूष पिता गोपाल आंजना ग्राम करजू, शिवम पिता सुरेश पाटीदार ग्राम दलौदा रेल, अंकित पिता विनोद डांगी ग्राम उमाहेड़ा, दिपेंद्र सिंह पिता श्याम सिंह ग्राम ताजखेड़ी एवं सब जूनियर छात्रों में यशराज पिता मनोहर दाहना ग्राम दलौदा ,ऋतिक पिता सुनील शर्मा ग्राम एलची, आदित्यराज पिता योगेंद्र सिंह ग्राम राजाखेड़ी,आयुष पिता घनश्याम पाटीदार ग्राम बलियाखेड़ी, यशस्वीराज पिता श्रीपाल सिंह ग्राम अफजलपुर है। इस अवसर पर श्री साँई पब्लिक स्कूल, दलौदा के संचालक श्री मोहसिन अख्तर, सहायक संचालक श्री नबील अख्तर, वाइस प्रिंसिपल श्री मनोज कुमार शर्मा एवं खेल प्रशिक्षक जयेश माली ने सभी विद्यार्थीयों एवं उनके माता-पिता को शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक हितेश शर्मा ने दी।

### जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से हमला

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित 6 के खिलाफ केस दर्ज किया। मंशाखेड़ी निवासी अजय पिता हीरालाल बंजारा ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि जमीन विवाद को लेकर गोपाल बंजारा, बाबूलाल बंजारा, राहुल बंजारा, नीलेश बंजारा, लीलाबाई बंजारा, पायल बंजारा ने मेरे पिता हीरालाल के साथ मारपीट की व कुल्हाड़ी की सिर पर मारी, जिससे गंभीर चोंट आई। मैं व मेरी दादी सजनीबाई व बहिन लक्ष्मीबाई बीच-बचाव करने गए तो हमारे साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर सभी आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाने पर चाकू मारा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सोशल साइड इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाने पर मारपीट कर चाकू मार दिया, पुलिस ने केस दर्ज किया। बोतलगंज निवासी रईस मथारियसा ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं समिति मैदान में बैठा था, इसी दौरान आशिक पिता हाफीज न्यारगर आया और बोला कि तूने इंस्टाग्राम पर स्टोरी क्यों लगाई और गाली-गलौज कर मारपीट कर चाकू से मेरी कमर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने आरोपी आशिक पर केस दर्ज किया।

### लोहे की राड से हमला, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लेन-देन की बात पर लोहे की राड से हमला किया। पुलिस ने दो पर केस दर्ज किया। चंदापुर (सुलतानपुर) हाल मुकाम चंगेरी निवासी सुमित पिता राकेश शर्मा ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं क्रशर मशीन पर आपरेटर हूं। रात्रि में राज व संदीप दोनों आए और नशे में मजदूरी के रुपए को लेकर विवाद कार मारपीट की व लोहे की राड की सिर, हाथ, पैर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### सरपंच से काम नही हुआ तो दोस्त को धमकी, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सरपंच का दोस्त होने पर काम नही होने पर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। कयामपुर निवासी मदनलाल पिता शंभूलाल माली ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे मोबाइल पर दिनेश उर्फ पप्पू पिता हीरालाल सिलावट का कॉल आया और बोला कि सरपंच जगदीश माली तेरा दोस्त है, इसलिए तूझे बोल रहा हूं, मेरा काम नही हुआ तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने दिनेश पर केस दर्ज किया।

### भैंस घुसाने से मना किया तो पीटा, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भैंस खेत में घुसाने की मना किया तो पीटा। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया। शक्करखेडी निवासी देवकिशन तेली ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे लहसुन की फसल को परमेश्वर पिता गंगाराम तेली की भैंस ने नुकसान कर दिया। भैंस को खेत में घुसाने से मना किया तो परमेश्वर के साथ ही उसके बेटे अनिल ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी बहिन रिंकु के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

# राष्ट्रीय एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत धर्मगुरु एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत धर्म गुरु एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में धर्म गुरुओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोविंद सिंह चौहान द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एनीमिया की रोकथाम के लिए सरकार की पहल है कि इसके तहत बच्चों, किशोर और गर्भवती महिलाओं को आयरन और फोलिक एसिड की गोली दी जाती है। साथ ही स्कूलों में भी बच्चों को आयरन और फोलिक एसिड की दवा दी



जाती हैं। जिसका नियमित रूप से सेवन करने से खून की कमी नहीं होती है। बच्चों में एकाग्रता, जिससे पढ़ाई व खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन रहता है। उम्र के अनुसार शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उपसंचालक एनएचएम भोपाल डॉ मनीष सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि धर्म गुरुओं से अनुरोध है कि आयरन की गोली बच्चों, किशोर और गर्भवती माता को दी जा रही है। नियमित रूप से आयरन की गोली का सेवन करें और अपने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में इस कार्यक्रम को जोड़ा जाए इससे मंदसौर जिले में इसका अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। कार्यशाला में तकनीकी प्रस्तुतीकरण श्री कपिल यति संभागीय समन्वयक एविडेंस एक्शन एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम उज्जैन संभाग उज्जैन द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चौहान एवं धर्म गुरुओं द्वारा एनीमिया मुक्त भारत का पंपलेट का विमोचन किया गया।

# नवांकुर संस्था ने गर्मी में पक्षियों के लिए लगाएं सकोरे

## जल संगोष्ठी का आयोजन कर किया शीतल प्याऊ का शुभारंभ

**नाटाराम/सीतामऊ, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा आदर्श ग्राम नाटाराम में जल संगोष्ठी का आयोजन कर राहगिरो के लिए शीतल ठंडा पानी के लिए प्याऊएवं पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए।

जल संगोष्ठी में विकासखंड समन्वयक मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद सीतामऊनारायणसिंह निनामा ने संबोधित करते हुए कहा कि जल के अपव्यय को रोकना ही जल की बचत है। व्यर्थ जल नहीं बहने देना है। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए नवांकुर संस्था द्वारा सकोरे लगाये गये है वह प्रशंसा का कार्य है।परामर्शदाता हेमंत गौड ने बताया कि जल संरक्षण के लिए सभी की जागरूकता आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता एवं एसडीएम स्टेनो रायसिंह बघेल ने कहा



कि गर्मी के मौसम में पक्षियो के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना ही बड़ा पुण्य का काम है। परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने बताया कि नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति आदर्श ग्राम को लेकर निरंतर प्रयासरत है ।आज ग्वाल बाल समिति एवं नवांकुर संस्था द्वारा विश्व जल दिवस पर ठण्डे पानी की प्याऊएवं पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए हैं। जो एक प्रशंसनिय कार्य है।जिसमें ग्वाल-बाल समिति एवं नवांकुर संस्था का विशेष सहयोग रहा है। इस अवसर पर ग्वाल-बाल समिति के कार्यकर्ता विदेश पाटीदार, नंदकिशोर माली ,जीतू गुर्जर ,विरमलाल धनगर, दिलवर गुर्जर, सुरेश पेंटर, किशोर पाटीदार ,अनवर मंसूरी ,हमिद खान,शफी मोहम्मद ,सचिव प्रेमसिंह राठौड़ ,सहायक सचिव हरिओम गंधर्व ,इसराइल मंसूरी ,शंभूलाल चंद्रवंशी उपस्थित थे।

**मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंदसौर** जिला मंदसौर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में संयुक्त नवापुर संस्थाओं ने विश्व जल संरक्षण दिवस पर श्रमदान किया नयापुरा रोड बालाजी की बावड़ी पर सफाई कर श्रमदान किया इसके पश्चात तेलिया तालाब पर स्वच्छता कार्यक्रम कर आसपास की पॉलिथीन और अन्य कचरा की सफाई की इसके पश्चात मैनपुरीया तालाब पर श्रमदान किया एवं जल बचाओ, जल ही जीवन है, तालाब को स्वच्छ रखना उसे कचरा मुक्त रखना गांव वालों को जल संरक्षण की जानकारी दी कार्यक्रम नवांकुर प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था से दिनेश सोलंकी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाज खेड़ी से मंजू भावसार परेश्वर युवा ग्राम विकास समिति नोगावा से रतन लाल चौहान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम छात्र दुर्गेश चंदेल और कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिला पटवारी की रिपोर्ट पर नर्सरी कर्मचारी के खिलाफ शासकीय काम में बाधा डालने का मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला पटवारी से अभद्र व्यवहार करने व शासकीय काम में बाधा डालने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। हल्का नं. 14 पटवारी सुश्री अर्पिता मून्दड़ा ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बादरी नर्सरी पर शासकीय कार्य कर रही थी, इसी दौरान नर्सरी में पदस्थ कर्मचारी राकेश जाटव ने नशे की हालत में गाली-गलौज की लेपटाप की पिन निकालकर बंद कर दिया व शासकीय काम करने से रोका, पुलिस ने विवेचना के बाद राकेश के खिलाफ शासकीय काम में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

### अफीम तस्करी में गिरफ्तार...

पेज 1 से जारी

जिसे एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उक्त अफीम मनासा निवासी मोहनलाल भोई से लेकर चल्दू के पास किसी ढाबे वाले को देने जा रहा था। पुलिस ने मोहनलाल को भी दविश देकर गिरफ्तार कर लिया। चोकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी अजय को रिमाण्ड के बाद जैल भेजने के आदेश हुए वहीं आरोपी मोहनलाल को एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश हुए है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

# विश्व जल दिवस पर नपा परिषद द्वारा शिवना नदी के तट पर श्रमदान

## राज्यसभा सांसद गुर्जर, पूर्व विधायक सिसौदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने की सहभागिता




**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन जन जागरूकता हेतु भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के समीप शिवना नदी के तट की सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। म.प्र. शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार जल दिवस के उपलक्ष्य में पशुपतिनाथ मंदिर के समीप शिवना नदी के तट की सफाई का कार्य किया गया। 22 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर पूरे मध्यप्रदेश में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी तारतम्य में नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर के समीप छोटी पुलिया के शिवना नदी के तट से जलकुंभी हटाई गई तथा नदी में पड़े कुड़ा करकट को हटाने हेतु नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रमदान किया। इस कार्य में नपा परिषद को सार्थक सोश्यल वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों का भी साथ मिला और उन्होंने भी श्रमदान में बढ़चढ़कर सहभागिता की। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुजर्5र, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष री विनोद डगवार, जलकार्य सभापति श्री निलेश जैन ने विश्व जल दिवस पर नगरपालिका की टीम के साथ श्रमदान किया। इन सभी के द्वारा प्रात: 7.30 बजे से 8.30 बजे तक लगभग 1 घण्टे तक जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश देने हेतु श्रमदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने नपा के कर्मचारियों के साथ बढ़चढ़कर श्रमदान में सहभागिता की और शिवना मैया की जयकारे लगाते हुए जल को बचाने हेतु शपथ भी ली। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने विश्व जल दिवस पर जल का अपव्यय नहीं करने एवं पानी की एक-एक बुंद का सदुपयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसरन पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मुकेश खमेसरा, नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, सभापतिगण श्रीमती दीपमाला मकवाना, श्रीमती कौशल्या बंधवार, श्रीमती शांति फरक्या, सत्यनारायण भांभी, श्रीमती निर्मला चंदवानी, पार्षदगण आशीष गौड, कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, सुनीता भावसार, भावना पमनानी, माया भावसार, शहरी विकास अभिकरण की गरिमा पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि राकेश भावसार, नरेन्द्र बंधवार, बब्बु पमनानी, युसुफ गौरी, महिला नेत्री विद्या करोड़िया, रमा माथुर, वंदना भावसार, सीएमओ सुधीरकुमार सिंह, नपा के एसपी सिंह, जाकिर भाई सहित नपा के कर्मचारीगण शामिल हुए और उन्होनें श्रमदान किया।

**सार्थक संस्था सहित कई संस्थाओं के सदस्यों ने श्रमदान किया-** विश्व जल दिवस पर हुए इस श्रमदान कार्यक्रम में सार्थक सोशल वेलफेयर सोसायटी की डॉ. उर्मिला सिंह तोमर, रचना दोषी, विनीता कुलश्रेष्ठ, जितेन्द्र जैन, अग्रेसर संस्था से मनीष भावसार, दशपुर जागृति संगठन ने सत्येन्द्रसिंह सोम, डॉ. देवेन्द्र पौराणिक, राजाराम तंवर, रविंद्र जादौन, अनंत तारे, नरेन्द्र त्रिवेदी, विकास भण्डारी सीए, बंशीलाल टांक ने श्रमदान किया। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने इलेक्ट्रानिक मीडिया से चर्चा में कहा कि विश्व जल दिवस पर शिवना नदी के तट की सफाई के लिये जो कार्यक्रम नपा ने रखा है उसके लिये पुरी नपा परिषद बधाई की पात्र है। शिवना मंदसौर जिले की जीवन रेखा है और इस नदी का संरक्षण जरूरी है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि हम सभी विश्व जल दिवस पर पानी को बचने उसे सहजने का संकल्प लेंगे और उस संकल्प के अनुरूप कार्य करेंगे तो हमारा जल दिवस मनाना सार्थक होगा। हम ग्रीष्म ऋतु में जल का अपव्यय नहीं करें।

### ✻ अंतिम यात्रा ✻

अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है की हरिनंदन, श्यामलाल, सुरेशचन्द्र बोराना के छोटे भाई, डॉराजेश, पंकज बोराना के पूज्य पिताजी एवं आदित्य, रुद्र के दादाजी डॉ श्री महेशचंद्र जी बोराना का देवलोकगमन आज दिनांक 22-03-2025 को हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा कल दिनांक 23-03-2025 रविवार को प्रात: 9:30 बजे निज निवास शिक्षक कॉलोनी पिपलिया मंडी से शव वाहन द्वारा पिपलिया पंथ मुक्तिधाम को जाएगी।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**बोराना परिवार, पिपलिया मंडी, नारायणगढ़ जिला मंदसौर**


**कार्यालय ग्राम पंचायत कयामपुर जं पं. सीतामऊ जि. मंदसौर**

क्र./क्यूं/25 — दिनांक 22.3.2025

**हाट निलामी विज्ञप्ति**

साधारण एवं इच्छुक व्यक्तियो को इस विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कयामपुर में प्रति बुधवार लगने वाला, हाट बाजार का पशु पंजीयन एवं बाजार बैठक फीस निलामी वर्ष 2025-26 का ठेका दिया जाना है अत: इच्छुक व्यक्ति दिनांक 26-3-2025 बुधवार को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन पर उपस्थित होकर निलामी की बोली लगा सकते है।

**इसके लिये नियम व शर्ते इस प्रकार है,**

1. पशु पंजीयन बाजार फीस खुंटा रसीद आवक - जावक ठेका की अवधि 1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक
2. सरकारी बोली 1,21,000/- रुपये की रहेगी।
3. एडवान्स राशी 30000/- रुपये जमा करने पर बोली लगाने की पात्रता रहेगी।
4. बोली समाप्त होने के बाद शेष बोली की राशि दो दिवस बाद वापस की जायेंगी।
5. निलामी की राशी की 40 प्रतिशत राशी तुरन्त जमा कराना होगी, अन्यथा बोली निरस्त कर दी जायेंगी।
6. स्टेशनरी आदी सामग्री रसीद कट्टे आदी पंचायत द्वारा प्रदाय किये जावेगे जिसका व्यय ठेकेदार द्वारा वहन किया जावेगा।
7. नियम, शर्ते ग्राम पंचायत के अधिन रहेगा।

सचिव, ग्राम पंचायत कयामपुर, जनपद पंचायत सीतामऊ — सरपंच, ग्राम पंचायत कयामपुर, जनपद पंचायत सीतामऊ


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in